# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (मुख्य) परीक्षा, 2010

# सामान्य अध्ययन

## हल प्रश्न-पत्र

## प्राचीन इतिहास

### सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल

**1. विष्णु के किस अवतार को सागर से पृथ्वी का उद्धार करते हुए अंकित किया जाता है?**

(a) कच्छप (b) मत्स्य
(c) वाराह (d) नृसिंह

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – विष्णु के वाराह अवतार को सागर से पृथ्वी का उद्धार करते हुए अंकित किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु ने कुल 10 अवतार लिये हैं। मत्स्य और कच्छप के बाद यह भगवान विष्णु का प्रमुख तीसरा अवतार है इस अवतार में भगवान विष्णु का मुख सुकर तथा शरीर मानव का था। पुरातन समय में जब दैत्य हिरण्याक्ष ने पृथ्वी को ले जाकर समुद्र में छिपा दिया था, तब ब्रह्मा की नाक से भगवान विष्णु वराह रूप में प्रकट हुए।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**2. राजा नन्द का उल्लेख करने वाला अभिलेखीय प्रमाण है –**

(a) खारवेल का हाथी गुम्फा अभिलेख
(b) रूमिनदेई स्तम्भ अभिलेख
(c) रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख
(d) धनदेव का अयोध्या अभिलेख

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – राजा नन्द का उल्लेख करने वाला अभिलेखीय प्रमाण खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख है। खारवेल के हाथीगुम्फा अभिलेख से उसकी कलिंग विजय सूचित होती है। रुम्मिनदेई स्तम्भ अभिलेख नेपाल की तराई में स्थित है। इस स्तम्भ लेख में अशोक द्वारा इस स्थान की धर्मयात्रा पर जाने का विवरण है। धनदेव के अयोध्या अभिलेख से पता चलता है कि पुष्यमित्र शुंग ने दो अश्वमेध यज्ञ किये थे। रुद्रदामन के जूनागढ़ अभिलेख से उसके द्वारा सौराष्ट्र में सुदर्शन झील के पुनर्निर्माण की जानकारी मिलती है।

**3. सारनाथ की भूमि स्पर्श मुद्रा वाली बुद्ध प्रतिमा कालांकित है –**

(a) कुषाण काल से (b) गुप्त काल से
(c) वर्द्धन काल से (d) राजपूत काल से

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सारनाथ की भूमि स्पर्श वाली बुद्ध प्रतिमा गुप्तकाल की है। गुप्त काल की तीन बुद्ध मूर्तियाँ उल्लेखनीय हैं – (1) सारनाथ की बुद्ध मूर्ति (2) मथुरा की बुद्ध मूर्ति (3) सुल्तानगंज की बुद्ध मूर्ति जो इस समय बर्मिंघम संग्रहालय में है। इनमें सारनाथ बुद्ध मूर्ति अत्यधिक आकर्षक है।

### गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल तथा वर्द्धन वंश

**4. रजत सिक्के जारी करने वाला प्रथम गुप्त शासक था –**

(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) कुमारगुप्त

**उत्तर**– (a)

**व्याख्या** – रजत सिक्के जारी करने वाला प्रथम गुप्त शासक चन्द्रगुप्त प्रथम था। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक चाँदी का सिक्का प्रकाश में आया है, जिसके आधार पर यह माना जाता है कि रजत सिक्का चन्द्रगुप्त प्रथम ने सर्वप्रथम जारी किया था, न कि चन्द्रगुप्त द्वितीय ने जैसा कि अब तक माना जाता रहा है। चन्द्रगुप्त द्वितीय ने शक क्षत्रप रुद्रसिंह तृतीय पर विजय के उपलक्ष्य में व्याघ्र श्रेणी के चाँदी के सिक्के चलाये थे।

**5. एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण कराया था –**

(a) राष्ट्रकूटों ने (b) वातापी के चालुक्यों ने
(c) गंग शासकों ने (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूटों ने कराया था। राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम (756-773 ई.) ने एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण करवाया था। वह एक धर्मनिष्ठ व्यक्ति था जिसने ब्राह्मणों को प्रभूत धन दान में दिया था।

## मध्यकालीन इतिहास

### दिल्ली सल्तनत

**6. बेरोजगारों के सहायतार्थ निम्नलिखित में से किसने 'रोजगार कार्यालय' की स्थापना की थी?**

(a) बलबन ने (b) अलाउद्दीन खिलजी ने
(c) मोहम्मद बिन तुगलक ने (d) फिरोज शाह तुगलक ने

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – बेरोजगारों के सहायतार्थ फिरोजशाह तुगलक ने रोजगार कार्यालय की स्थापना की थी जो या तो बेरोजगार व्यक्तियों को कार्य दिलाता था अथवा उन्हें आर्थिक सहायता देता था। उसने एक विभाग 'दीवान-ए-खैरात' स्थापित किया था, जो मुसलमान अनाथ स्त्रियों एवं विधवाओं को आर्थिक सहायता देता था और निर्धन मुसलमान लड़कियों के विवाह की व्यवस्था करता था। साथ ही इसने लोक निर्माण विभाग की स्थापना भी करवाई थी।

### भक्ति आन्दोलन

**7. निम्नलिखित में से कौन इस्लाम से प्रभावित था?**

(a) चैतन्य (b) मीराबाई
(c) नामदेव (d) वल्लभाचार्य

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – सन्त नामदेव इस्लाम धर्म से प्रभावित थे। 15वीं सदी में नामदेव ने भक्तिमार्ग को बहुत लोकप्रिय बनाया। वह जाति प्रथा में विश्वास नहीं करते थे और मुसलमान भी उनके शिष्य थे। वे मूर्तिपूजा और कर्मकाण्ड के विरोधी थे।

### मुगल साम्राज्य

**8. मुगल मनसबदारी व्यवस्था के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए –**

(1) 'जात' एवं 'सवार' पद प्रदान किए जाते थे।
(2) मनसबदार आनुवांशिक अधिकारी होते थे।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(3) मनसबदारों के तीन वर्ग थे।
(4) दीवान कार्यालय द्वारा इनको वेतन दिया जाता था।

**कूट :**
(a) चारों कथन सही हैं।
(b) चारों कथन गलत हैं।
(c) केवल (1), (2) एवं (3) सही हैं।
(d) केवल (1) एवं (3) सही हैं।

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मुगल मनसबदारी व्यवस्था को अकबर ने अपने शासन के 11वें वर्ष में आरम्भ किया था। मनसबदारी व्यवस्था का मुख्य आधार दशमलव प्रणाली के आधार पर पदों का विभाजन करना था। 'मनसबदार' आनुवंशिक नहीं थे। मनसबदार की मृत्यु या पदच्युति के बाद यह स्वतः समाप्त हो जाता था। अकबर ने अपने अंतिम वर्षों में 'जात' और 'सवार' के पदों को आरम्भ किया था। प्रत्येक मनसबदार को एक साथ 'जात' और 'सवार' के पद प्रदान किये गये। जात और सवार के पद को आरम्भ करने के साथ-साथ अकबर ने अपने 5,000 और उससे कम संख्या के मनसबदारों की श्रेणियों में से प्रत्येक श्रेणी को तीन भागों में बाँट दिया जिससे 5000 तक की श्रेणी के विभिन्न मनसबदारों की तीन श्रेणियाँ हो गयीं।

## मराठा वंश

**9. शिवाजी ने 'पुरन्दर की सन्धि' (1665 ई.) किस मुगल सेनानायक के साथ हस्ताक्षरित की थी?**
(a) जसवन्त सिंह (b) जयसिंह
(c) शाइस्ता खाँ (d) दिलेर खाँ

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – शिवाजी ने 'पुरन्दर की सन्धि' (1665 ई.) मुगल सेनानायक जयसिंह के साथ हस्ताक्षरित की थी, जिसके अनुसार शिवाजी ने अपने 23 किले और 4 लाख हूण की वार्षिक आय की भूमि मुगलों को दे दी तथा शिवाजी ने बीजापुर के विरुद्ध मुगलों को सैनिक सहायता देने का वायदा किया।

# आधुनिक इतिहास

## मुगल साम्राज्य का विघटन एवं यूरोपीय वाणिज्य का प्रारम्भ

**10. निम्नांकित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**
(a) बक्सर का युद्ध – 1764
(b) सहायक सन्धि – 1863
(c) भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी का एकाधिकार – 1833
(d) ब्रिटिश नागरिकों एवं कम्पनियों के लिए भारत में व्यापार का खोला जाना – 1813

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – बक्सर का युद्ध 22 अक्टूबर, 1764 को अंग्रेजों तथा नवाब मीर कासिम, अवध के नवाब और मुगल बादशाह शाह आलम- II की संयुक्त सेना के बीच हुआ। सहायक संधि प्रणाली लार्ड वेलेजली द्वारा 1798 ई. में प्रारम्भ की गई। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम हैदराबाद की सन्धि (1798) हुई। 1813 के चार्टर द्वारा कम्पनी का व्यापारिक एकाधिकार समाप्त कर दिया गया। यद्यपि उसके चीन के साथ व्यापार तथा चाय के व्यापार पर एकाधिकार चलता रहा। ब्रिटिश नागरिकों एवं कम्पनियों के लिए भारत में व्यापार करने के द्वार खोल दिये गये। 1833 के चार्टर द्वारा कम्पनी के समस्त व्यापारिक एकाधिकार को समाप्त कर दिया गया।

## सामाजिक, सांस्कृतिक, जागृति, निम्न जाति, मजदूर संघ किसान आन्दोलन

**11. भारत में प्रकाशित पहला समाचार पत्र निम्नलिखित में से कौन सा था?**
(a) द बंगाल गजट (b) द कलकत्ता गजट
(c) मद्रास कारियर (d) बॉम्बे हेराल्ड

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारत में प्रकाशित पहला समाचार पत्र 29 जनवरी 1780 ई. में प्रकाशित 'द बंगाल गजट' था। जिसका प्रकाशन जेम्स आगस्टस हिक्की ने किया था। आधुनिक भारतीय प्रेस का प्रारम्भ 1766 में विलियम बोल्ट्स द्वारा एक समाचार पत्र के प्रकाशन से हुआ। परन्तु ईस्ट इंडिया कंपनी ने उनको इंग्लैण्ड भेज दिया।

**12. 'ब्रह्म समाज' की स्थापना किसने की थी?**
(a) राजाराम मोहन राय ने (b) देवेन्द्रनाथ टैगोर ने
(c) ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने (d) केशवचन्द्र सेन

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – ब्रह्म समाज की स्थापना राजाराम मोहन राय ने की थी। 1828 में उन्होंने ब्रह्म समाज की नींव डाली। देवेन्द्रनाथ टैगोर ने कलकत्ता के जोड़ासांकू में 'तत्वरंजिनी सभा' की स्थापना की थी। कालांतर में तत्वरंजिनी सभा ही 'तत्वबोधिनी सभा' के रूप में अस्तित्व में आई। केशवचन्द्र सेन ने 'भारतीय ब्रह्म समाज' की स्थापना की। ध्यातव्य है कि राजाराम मोहन राय द्वारा वर्ष 1815 में आत्मीय सभा की स्थापना की गई थी। इन्हें भारतीय राष्ट्रवाद का पैगम्बर तथा भारतीय पुनर्जागरण का पिता भी कहते हैं।

## प्रमुख संस्थाएं, सन्धियां, आयोग, अधिनियम

**13. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909 | 1. द्विशासन पद्धति का आरम्भ |
| B. भारत शासन अधिनियम, 1935 | 2. 1916 |
| C. लखनऊ समझौता | 3. लार्ड मिन्टो |
| D. भारत शासन अधिनियम, 1919 | 4. प्रान्तीय स्वायत्तता |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारतीय परिषद अधिनियम 1909 मिन्टो-मार्ले सुधार के नाम से जाना जाता है। इसका मूल उद्देश्य राष्ट्रवादी तत्वों में फूट डालना था। इसके तहत मुस्लिमों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र एवं निर्वाचन की व्यवस्था की गई। भारत शासन अधिनियम 1935 द्वारा बाह्य रूप से प्रान्तों की स्वायत्तता दी गई थी परन्तु वास्तव में समस्त कार्यकारी शक्तियाँ गवर्नर के पास थीं। लखनऊ समझौता 1916 में काँग्रेस तथा मुस्लिम लीग के मध्य सम्पन्न हुआ था। भारत शासन अधिनियम 1919 द्वारा द्विशासन पद्धति का आरम्भ हुआ। एकसदनीय विधान परिषद के स्थान पर इस ऐक्ट के अनुसार केंद्र में द्विसदनीय व्यवस्था स्थापित हो गई। एक सदन राज्य परिषद और दूसरा सदन केंद्रीय विधान सभा था।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**14. प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम किस गवर्नर जनरल के समय में पारित हुआ था?**

(a) लार्ड मिन्टो के (b) लार्ड हार्डिंग के
(c) लार्ड कर्जन के (d) लार्ड लिनलिथगो के

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, लार्ड कर्जन (1899-1905) के समय में 1904 ई. में पारित हुआ था। लार्ड मिन्टो (1905-1910) के समय में मार्ले-मिण्टो सुधार अधिनियम, 1909 पारित हुआ था। लार्ड हार्डिंग द्वितीय (1910-1916) के समय में भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानान्तरित हुई। लार्ड लिनलिथगो (1936-1944) के समय में अगस्त 1942 में भारत छोड़ो आन्दोलन हुआ।

**15. वी. डी. सावरकर द्वारा स्थापित गुप्त संगठन था –**

(a) युगान्तर समिति (b) अनुशीलन समिति
(c) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (d) अभिनव भारत

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – वी. डी. सावरकर द्वारा स्थापित गुप्त संगठन अभिनव भारत था। पहले सावरकर ने 1899 में 'मित्र मेला' नाम की एक संस्था स्थापित की जो शीघ्र ही मेजिनी के 'तरुण इटली' की तर्ज पर एक गुप्त सभा 'अभिनव भारत' में परिवर्तित हो गई। अनुशीलन समिति का गठन पी. मित्रा ने किया था। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन वर्ष 1924 में सचीन्द्रनाथ सान्याल, रामप्रसाद बिस्मिल, जोगेश चन्द्र चटर्जी चन्द्रशेखर इत्यादि ने किया।

**16. लोक सेवाओं की परीक्षा इंग्लैण्ड तथा भारत में एक साथ करने की संस्तुति निम्न में किसके द्वारा की गई थी?**

(a) एचिसन आयोग द्वारा (b) हॉबहाउस आयोग द्वारा
(c) माण्टेग्यू चेम्सफोर्ड रिपोर्ट द्वारा (d) लार्ड कार्नवालिस द्वारा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–लोक सेवाओं की परीक्षा इंग्लैण्ड तथा भारत में एक साथ करने की संस्तुति मांटेग्यू चेम्सफोर्ड रिपोर्ट 1918 द्वारा की गयी थी। इसके अतिरिक्त इस रिपोर्ट में प्रशासन में भारतीयों की भागीदारी बढ़ाने की सिफारिश की गयी थी तथा साथ ही साथ यह भी कहा गया था कि उच्च भारतीय सिविल सेवा के एक-तिहाई पद भारतीयों के लिए आरक्षित होने चाहिए। इस संस्तुति के आधार पर ही 1922 के बाद सिविल सेवा परीक्षा इंग्लैण्ड एवं भारत में एक साथ आयोजित की जाने लगी। एचिसन आयोग ने 1887 ई. में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा की थी कि सिविल सेवा परीक्षा इंग्लैण्ड और भारत में एक साथ नहीं आयोजित की जानी चाहिए।

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**17. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I (आंदोलन आदि) | सूची-II (व्यक्ति जो जाने जाते हैं) |
|---|---|
| A. होमरूल आन्दोलन | 1. एम. के. गाँधी |
| B. बारदोली सत्याग्रह | 2. सी. आर. दास |
| C. असहयोग आन्दोलन | 3. वल्लभ भाई पटेल |
| D. स्वराज पार्टी का निर्माण | 4. एनी बेसेन्ट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सूची I तथा सूची II का सही सुमेलन निम्नानुसार है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| होमरूल आन्दोलन | एनी बेसेन्ट |
| बारदोली सत्याग्रह | वल्लभ भाई पटेल |
| असहयोग आन्दोलन | एम. के. गाँधी |
| स्वराज पार्टी का निर्माण | सी. आर. दास |

**18. प्रथम विश्व युद्ध के समय राजा महेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में भारत की अस्थायी सरकार कहाँ पर बनाई गई थी?**

(a) जर्मनी में (b) सिंगापुर में
(c) अफगानिस्तान में (d) टर्की में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रथम विश्वयुद्ध के समय दिसम्बर 1915 में राजा महेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में भारत की अस्थायी सरकार अफगानिस्तान में बनाई गई थी। राजा महेन्द्र प्रताप और बरकतुल्ला ने अफगानिस्तान के अमीर की मदद लेने की कोशिश की और काबुल में एक अंतरिम सरकार गठित की थी।

**19. 'इन्कलाब जिन्दाबाद' का नारा किससे जुड़ा हुआ है?**

(a) चन्द्रशेखर आजाद (b) रामप्रसाद बिस्मिल
(c) सरदार भगत सिंह (d) लाला हरदयाल

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा सरदार भगत सिंह ने दिया था। जबकि इसकी रचना कवि मुहम्मद इकबाल ने की थी।

**20. 'साम्प्रदायिक अधिनिर्णय' की घोषणा के पश्चात् निम्नलिखित में से किसे सम्पादित किया गया?**

(a) लखनऊ समझौता (b) कराची समझौता
(c) लाहौर समझौता (d) पूना समझौता

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 'साम्प्रदायिक अधिनिर्णय' की घोषणा (16 अगस्त 1932) के पश्चात् पूना समझौता (24 सितम्बर 1932) सम्पादित किया गया। साम्प्रदायिक अधिनिर्णय के अंतर्गत प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विधानमंडलों में कुछ सीटें सुरक्षित की गई थीं, जिनके लिए सदस्यों का चुनाव पृथक् निर्वाचन मंडलों से होना था। मुसलमान, सिख और ईसाई पहले से ही अल्पसंख्यक माने जाते रहे थे। अब इस नये कानून के तहत दलित वर्ग (जिसे अनुसूचित जातियाँ कहा जाता है) को भी अल्पसंख्यक करार दिया गया और उन्हें हिन्दू समाज से अलग कर दिया गया। 20 सितम्बर, 1932 से अपनी माँग मनवाने के लिए गाँधीजी आमरण अनशन पर बैठ गये। अंततः 24 सितंबर, 1932 को पं. मदनमोहन मालवीय, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पुरुषोत्तम दास, और सी. राजगोपालाचारी के प्रयासो से डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और महात्मा गाँधी जी के बीच पूना समझौता हुआ।

**21. लाल किले में चले मुकदमें में आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों के पक्ष से निम्नलिखित में से किसने वकालत की थी?**

(a) सी. आर. दास ने (b) मोतीलाल नेहरू ने
(c) एम. ए. जिन्ना ने (d) टी. बी. सप्रू ने

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – लाल किले में चले मुकदमें में आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों के पक्ष में टी. बी. सप्रू ने वकालत की थी। जब लाल किले में ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हुआ, तो भूलाभाई देसाई बचाव पक्ष के वकीलों की अगुवाई कर रहे थे। टी. बी. सप्रू, काटजू और आसफ अली उनके समर्थकों में थे। कार्यवाही के पहले दिन नेहरू भी वकीलों की पोशाक पहनकर अदालत में मौजूद थे।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

22. **निम्नांकित में से कौन सा 1929 में काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पारित संकल्प में शामिल नहीं था?**
(a) भारत की विदेश नीति की घोषणा
(b) पूर्ण स्वराज्य के लक्ष्य की घोषणा
(c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ करने की तैयारी
(d) अस्पृश्यता उन्मूलन
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन 1929 की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरू ने की थी। काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन में कुछ ऐतिहासिक प्रस्ताव इस प्रकार थे – नेहरू समिति की रिपोर्ट निरस्त घोषित, गोलमेज सम्मेलन से कोई लाभ नहीं, स्वराज का अर्थ है पूर्ण स्वतंत्रता और अखिल भारतीय जब उचित समावेशी सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ करेगी। गोलमेज सम्मेलन से संबंधित नीति को विदेश नीति माना जा सकता है। इस संकल्प प्रस्ताव में अस्पृश्यता उन्मूलन शामिल नहीं था।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

23. **निम्नलिखित में से किस द्वीप युग्म को 10 डिग्री चैनल अलग करता है?**
(a) लक्षद्वीप एवं मिनीकाय
(b) दक्षिणी अंडमान तथा लिटिल अंडमान
(c) अंडमान तथा निकोबार
(d) पंबन तथा मन्नार
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – दस डिग्री (10°) चैनल अंडमान तथा निकोबार द्वीप को अलग करती है। भारत का दक्षिणतम बिन्दु इंदिरा प्वाइंट है जो ग्रेट निकोबार द्वीप में स्थित है। मिनीकाय व लक्षद्वीप के मध्य 9° चैनल एवं मालदीव व मिनीकाय के बीच 8° चैनल गुजरती है।

24. **प्रायद्वीपीय भारत निम्न हिम युगों में से किस युग में हिमानीकृत हुआ?**
(a) ह्युरोनियन हिम युग (b) कार्बोनीफेरस हिम युग
(c) प्लीस्टोसीन हिम युग (d) लिटिल हिम युग
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रायद्वीपीय भारत प्लीस्टोसीन हिमयुग में हिमानीकृत हुआ। प्लीस्टोसीन हिमयुग के अंत में हिम चादर पिघलते चले गये एवं स्कैंडिनेवियन क्षेत्र की ऊँचाई में निरन्तर वृद्धि हुई। पक्षियों का आविर्भाव प्लीस्टोसीन काल में ही माना जाता है।

25. **निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित है?**

| **(झील)** | | **(अवस्थिति)** |
|---|---|---|
| (a) लोनार | – | मध्य प्रदेश |
| (b) नक्की | – | गुजरात |
| (c) कोलेरू | – | आँध्र प्रदेश |
| (d) पुलिकट | – | केरल |

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – कोल्लेरू झील आन्ध्र प्रदेश के डेल्टाई प्रदेश में बनी बड़ी झील है। पुलीकट झील (आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु) एक लैगून झील है। श्री हरिकोटा द्वीप यहीं पर है जहाँ सतीश धवन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र है। लोनार झील महाराष्ट्र के बुलढाना जिले में एक क्रेटर झील है जो उल्कापिंड गिरने से बनी है। नक्की झील राजस्थान में स्थित है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

26. **निम्न में से कौन-सा भारत का सर्वाधिक कॉफी उत्पादक राज्य रहा है?**
(a) महाराष्ट्र (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) केरल
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारत का सर्वाधिक कॉफी उत्पादक राज्य कर्नाटक है। विश्व के कुल कहवा उत्पादन का मात्र 3% उत्पादन भारत में किया जाता है। इसकी भौगोलिक दशायें 15° से 18° से.ग्रे. औसत वार्षिक तापमान, 150 से 200 सेमी. की औसत वार्षिक वर्षा है। कहवा की खेती दक्षिण भारत के पर्वतीय ढालों तक ही सीमित है। शीर्ष काफी उत्पादक राज्य क्रमशः कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु हैं।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

27. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| **सूची-I (कोयला क्षेत्र)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. करनपुरा | 1. छत्तीसगढ़ |
| B. सिंगरेनी | 2. तमिलनाडु |
| C. नेवेली | 3. झारखण्ड |
| D. कोरबा | 4. आन्ध्र प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – सूची-I तथा सूची II का सही सुमेलन निम्नानुसार है-

| **सूची-I (कोयला क्षेत्र)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| करनपुरा | झारखण्ड |
| सिंगरेनी | आन्ध्र प्रदेश (वर्तमान में तेलंगाना) |
| नेवेली | तमिलनाडु |
| कोरबा | छत्तीसगढ़ |

28. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| **सूची-I (तेलशोधक कारखाना)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| A. नूमालीगढ़ | 1. बिहार |
| B. तातीपाका | 2. गुजरात |
| C. कोयली | 3. आन्ध्र प्रदेश |
| D. बरौनी | 4. असम |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – भारत में वर्तमान में कुल 23 रिफाइनरियां कार्यरत हैं। इनमें से 3 रिफाइनरी (1एस्सार तथा 2 रिलायंस) निजी क्षेत्र में जबकि 19 रिफाइनरी सार्वजनिक क्षेत्र के तथा एक संयुक्त क्षेत्र के अन्तर्गत हैं। प्रश्नगत तेलशोधनशालाओं में नूमालीगढ़ का संबंध असम से, तातीपाका का संबंध आन्ध्रप्रदेश से, कोयली का संबंध गुजरात से तथा बरौनी का संबंध बिहार से है।

# विश्व का भूगोल

## ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल

**29. ओजोन परत अवस्थित है –**

(a) क्षोभ मण्डल में (b) समताप मण्डल में
(c) मध्य मण्डल में (d) आयन मण्डल में

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – ओजोन परत समताप मंडल में अवस्थित है। ओजोन परत पराबैंगनी किरणों को अवशोषित कर लेती है। वायुमण्डल में होने वाली समस्त मौसमी गतिविधियाँ क्षोभमण्डल में होती हैं। आयन मंडल से विभिन्न आवृत्ति की रेडियो तरंगें परावर्तित होती हैं।

## स्थल मण्डल

**30. कथन (A) : विषुवत रेखीय प्रदेश का पर्यावरण पौधों के अनुकूल है पर मनुष्यों के लिए नहीं।**
**कारण (R) : विषुवत रेखीय प्रदेश में औसत वार्षिक तापांतर बहुत कम है।**

उपर्युक्त कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं पर (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है पर (R) गलत है।
(d) (A) गलत है पर (R) सही है।

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – विषुवत रेखीय जलवायु में वर्ष भर तापमान ऊँचा रहता है और शरद ऋतु नहीं होती है। पूरे वर्ष औसत तापमान $27^oC$ रहता है। अधिकतम वार्षिक तापान्तर $5^oC$ होता है। दैनिक तापांतर भी $12^oC$ से कम ही रहता है। वायु सापेक्षिक आर्द्रता 80 प्रतिशत से अधिक रहती है। वर्षा संवहनीय प्रकार की एवं वर्ष भर होती है। वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक होती है। अतः इन प्रदेशों का पर्यावरण पौधों के लिए अनुकूल होता है किन्तु मनुष्यों के लिए नहीं।

## जल मण्डल

**31. ग्रैंड बैंक स्थित है –**

(a) उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट पर
(b) पश्चिमी यूरोपीय तट पर
(c) उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट पर
(d) अफ्रीका के पूर्वी तट पर

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – ग्रैण्ड बैंक उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट पर स्थित है। ठंडी लेब्रेडोर धारा न्यूफाउंडलैण्ड के निकट गल्फ स्ट्रीम से मिलती है। जहाँ पर गर्म तथा ठण्डी जल धाराएं मिलती हैं वहाँ तापीय व्युत्क्रमण के कारण घना कोहरा मिलता है एवं यहाँ प्लैंकटन का विकास होता है, जो मछलियों का भोजन है। अतः यहाँ मत्स्यन क्षेत्र विकसित होता है।

## आर्थिक भूगोल

**32. रूकवा झील क्षेत्र (तंजानिया) निम्नलिखित में से किस खनिज उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) अभ्रक (b) कोयला
(c) लौह अयस्क (d) सोना

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**– रुकवा झील क्षेत्र अफ्रीकी देश तंजानिया में स्थित है, जो 8500 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला है। यह रिफ्ट घाटी के रूप में है। इस झील के मुज, नामवेले और कोमोलो क्षेत्र में कोयला पाया गया है। इस क्षेत्र में आभूषण बनाने वाले पत्थर - एमरॉल्ड, मूनस्टोन, एक्वामैरीन, रूबी, टोपाज एवं एमेथिस्ट आदि की प्राप्ति होती है।

**33. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| **सूची-I (लौह अयस्क क्षेत्र)** | **सूची-II (उत्पादक देश)** |
|---|---|
| A. लॉरेन | 1. स्वीडन |
| B. मिडलैण्ड | 2. कजाकिस्तान |
| C. किरुना | 3. यू. के. |
| D. कोस्ताने | 4. फ्रान्स |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – सूची-I तथा सूची-II का सही सुमेलन निम्नानुसार है-

| **सूची-I (लौह अयस्क क्षेत्र)** | **सूची-II (उत्पादक देश)** |
|---|---|
| लॉरेन | फ्रान्स |
| मिडलैण्ड | यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) |
| किरुना | स्वीडन |
| कोस्ताने | कजाकिस्तान |

**34. निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) ओसाका को पूर्व का मानचेस्टर कहा जाता है।
(b) जापान के सभी लोहा इस्पात उद्योग केंद्र दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में स्थित है।
(c) जापान का उत्तरी होन्शू क्षेत्र सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।
(d) पूर्वी एशिया में जापान जलयान निर्माण उद्योग में अग्रणी है।

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – जापान को 'निप्पन', सूर्योदय का देश, सुकुमार फूलों का देश व 'पूर्व का ग्रेट ब्रिटेन' भी कहा जाता है। होन्शू द्वीप में स्थित टोकियो जापान की राजधानी एवं विश्व का सबसे बड़ा नगर है। यह एक विशाल औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र भी है। जापान विश्व का सबसे बड़ा जलपोत उत्पादक देश भी है। ओसाका को 'जापान का मैनचेस्टर' यवाटा को 'जापान का पिट्सबर्ग', नगोया को जापान का 'डेट्रायट' कहा जाता है। जापान के लौह इस्पात क्षेत्र पूर्वी तटीय क्षेत्रों में भी है।

## मानव भूगोल एवं मानचित्रावली

**35. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदेश 'लैप्स' जनजाति के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) अलास्का (b) स्कैन्डीनेविया
(c) ग्रीनलैण्ड (d) आइसलैण्ड

**उत्तर** – (b)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या**–लैप्स जनजाति के लिए स्कैण्डीनेविया प्रसिद्ध है। ग्रीनलैण्ड में एस्कीमो नामक जनजाति पाई जाती है। एस्कीमो जनजाति अलास्का से ग्रीनलैण्ड तक फैली है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**36. जनगणना 2011 के अनुसार भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत था –**

(a) 27.80 (b) 31.16 (c) 32.00 (d) 32.16

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या** – जनगणना 2011 के अनुसार भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत 31.16 है तथा ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 है।

**37. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का लक्ष्य है जनसंख्या को स्थिर स्थिति पर ला देना –**

(a) 2045 तक (b) 2040 तक
(c) 2050 तक (d) 2035 तक

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – केंद्र सरकार ने अपनी जनसंख्या नीति की घोषणा 15 फरवरी, 2000 को की थी। नई जनसंख्या नीति का दीर्घकालिक उद्देश्य सन् 2045 तक स्थिर जनसंख्या के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जनसंख्या को ऐसे स्तर पर स्थिर बनाने की बात कही गई है, जो आर्थिक वृद्धि, सामाजिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनुरूप हो।

**38. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है?**

(a) महाराष्ट्र में (b) गोवा में
(c) तमिलनाडु में (d) मिजोरम में

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत गोवा का है। गोवा की नगरीय जनसंख्या 62.2 प्रतिशत है। महाराष्ट्र, मिजोरम तथा तमिलनाडु की नगरीय जनसंख्या क्रमशः 45.2 प्रतिशत, 52.11 प्रतिशत, 48.45 प्रतिशत है। दिल्ली की नगरीय जनसंख्या 97.5 प्रतिशत है।

**39. निम्नलिखित जनगणना वर्ष में से, किस में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक रही थी?**

(a) 1901 (b) 1911
(c) 1921 (d) उपर्युक्त में से किसी में नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 1921 में ऋणात्मक (–0.31%) रही। इसके बाद जनसंख्या में वृद्धि हुई। इसीलिए 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है। जनसंख्या वृद्धि की द्वितीय अवस्था (1921-1951) में जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण अकाल एवं महामारियों पर नियंत्रण तथा 'मृत्यु दर' में कमी थी। इससे मृत्यु दर तो घटी, किन्तु जन्म दर में कोई कमी नहीं हुई।

**40. संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार सन् 2050 में विश्व की अनुमानित जनसंख्या होगी –**

(a) 9.00 बिलियन (अरब) (b) 9.25 बिलियन (अरब)
(c) 8.92 बिलियन (अरब) (d) 10.00 बिलियन (अरब)

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रश्न काल में संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार सन् 2050 में विश्व की अनुमानित जनसंख्या 9.00 बिलियन (अरब) होने की सम्भावना व्यक्त की गई थी। परन्तु वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र ने 'द वर्ल्ड पापुलेशन प्रास्पेक्ट्स 2022' में वैश्विक जनसंख्या के वर्ष 2050 तक 9.70 बिलियन (अरब) होने का अनुमान व्यक्त किया है।

**41. जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित राज्यों के जनसंख्या घनत्व के सम्बन्ध में सही आरोही क्रम है –**

(a) असम, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक
(b) असम, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा
(c) हरियाणा, असम, गुजरात, कर्नाटक
(d) गुजरात, कर्नाटक, असम, हरियाणा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 2011 की जनगणना के अनुसार जनघनत्व का आरोही क्रम क्रमशः गुजरात, कर्नाटक, असम तथा हरियाणा है। गुजरात, कर्नाटक, असम तथा हरियाणा का जनघनत्व क्रमशः 308, 319, 398 तथा 573 है।

**42. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न में से किस राज्य में अनुसूचित जनजातियों की संख्या सर्वाधिक है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) उड़ीसा (d) गुजरात

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या सर्वाधिक है। मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजातियों की संख्या 1,53,16,784 है। महाराष्ट्र, उड़ीसा तथा गुजरात में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या क्रमशः 10510213, 9590756 तथा 8917174 है।

## भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

### नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीति निदेशक तत्व

**43. नागरिकता से सम्बन्धित प्रावधान संविधान के किस भाग में है?**

(a) भाग 1 में (b) भाग 3 में
(c) भाग 2 में (d) भाग 4 में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – नागरिकता से सम्बन्धित प्रावधान संविधान के भाग 2 (अनुच्छेद 5 से 11) में है। भाग एक में संघ एवं उसके राज्य क्षेत्र, भाग 3 में मूल अधिकार तथा भाग 4 में राज्य के नीति निदेशक तत्त्व सम्मिलित हैं।

**44. ''किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित और दण्डित नहीं किया जाएगा'' अपराधों के लिए दोषसिद्धि के सम्बन्ध में उपरोक्त संरक्षण किस अनुच्छेद के अंतर्गत दिया गया है?**

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 20
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 22

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – अनुच्छेद 20 में अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण का प्रावधान है। अनुच्छेद 20(2) के अनुसार ''किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित और दण्डित नहीं किया जाएगा।'' अनुच्छेद 19 वाक्-स्वातंत्र्य आदि विषयक कुछ अधिकारों को संरक्षण देता है। अनुच्छेद 21 प्राण और दैहिक स्वतंत्रता को संरक्षण प्रदान करता है। अनुच्छेद 22 कुछ दशाओं में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण प्रदान करता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## संघ एवं राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

**45. लोक सभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व संबंधित प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?**

(a) अनुच्छेद 331 में (b) अनुच्छेद 221 में
(c) अनुच्छेद 121 में (d) अनुच्छेद 139 में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – लोकसभा में आंग्ल भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व संबंधित प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 331 में है। अनुच्छेद 331 के अनुसार अनुच्छेद 81 में किसी बात के होते हुए भी, यदि राष्ट्रपति की राय है कि लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं है तो वह लोकसभा में उस समुदाय के सदस्य नाम निर्देशित कर सकेगा। अनुच्छेद 221 में न्यायाधीशों के वेतन आदि की व्यवस्था है। अनुच्छेद 121 में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के कर्तव्यों के संबंध में संसद में चर्चा पर निर्बंधन किया गया। 104वां संशोधन अधिनियम, 2019 द्वारा लोक सभा एवं राज्य की विधान सभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय के नाम निर्देश को जनवरी, 2020 से समाप्त कर दिया गया है।

**46. वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबन्ध किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है?**

(a) अनुच्छेद 117 (b) अनुच्छेद 119
(c) अनुच्छेद 121 (d) अनुच्छेद 123

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – अनुच्छेद 117 में वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध किया गया है। अनुच्छेद 119 में संसद में वित्तीय कार्य संबंधी प्रक्रिया का विधि द्वारा विनियमन किया गया है। अनुच्छेद 123 में संसद के विश्रांतिकाल में अध्यादेश प्रख्यापित करने की राष्ट्रपति की शक्ति का प्रावधान है। अनुच्छेद 121 में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के कर्तव्यों के संबंध में संसद में चर्चा पर निर्बंधन किया गया है।

## वर्ग-विशेष उपबन्ध, अनुसूचित/जनजाति क्षेत्र

**47. अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग गठित करने का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद में है?**

(a) 338-क में (b) 337 में
(c) 338 में (d) 339 में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** –अनुच्छेद 338-क के अनुसार अनुसूचित जनजातियों के लिए एक आयोग होगा, जो राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नाम से ज्ञात होगा। अनुच्छेद 337 में आंग्ल-भारतीय समुदाय के फायदे के लिए शैक्षिक अनुदान के लिए विशेष उपबन्ध किया गया है। अनुच्छेद 338 में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का प्रावधान है। अनुच्छेद 339 में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के बारे में संघ के नियंत्रण का वर्णन है।

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**48. संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाहियों की जाँच करना प्रतिबंधित किया गया है?**

(a) अनुच्छेद 127 (b) अनुच्छेद 122
(c) अनुच्छेद 26 (d) अनुच्छेद 139

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – अनुच्छेद 122 में न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाहियों की जाँच न किये जाने का विवरण है। अनुच्छेद 126 में कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का प्रावधान है। अनुच्छेद 127 में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति का विवरण है। तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय में की जाती है।

## पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन अनुसूची

**49. निम्नलिखित में से किसके द्वारा सम्पत्ति के मूल अधिकार का लोप किया गया?**

(a) संविधान (चालीसवां संशोधन) अधिनियम द्वारा
(b) संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम द्वारा
(c) संविधान (चौवालीसवाँ संशोधन) अधिनियम द्वारा
(d) संविधान (छियालीसवां संशोधन) अधिनियम द्वारा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – संविधान के चौवालीसवें संशोधन अधिनियम द्वारा सम्पत्ति मूल अधिकार को रद्द कर दिया गया। अब सम्पत्ति का अधिकार केवल एक कानूनी (अनुच्छेद 300 क) अधिकार ही है, मूल अधिकार नहीं। इनके साथ ही 19वें अनुच्छेद की छठीं स्वतंत्रता (सम्पत्ति की स्वतंत्रता) को भी समाप्त कर दिया गया।

**50. संविधान के अंतर्गत पंचायतों में महिलाओं के एक-तिहाई प्रतिनिधित्व की गारंटी कौन-सा अनुच्छेद देता है?**

(a) अनुच्छेद 243 ग (b) अनुच्छेद 243 घ
(c) अनुच्छेद 243 ज (d) अनुच्छेद 243 झ

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – संविधान के अन्तर्गत पंचायतों में महिलाओं के एक तिहाई प्रतिनिधित्व की गारंटी अनुच्छेद 243 घ देता है। अनुच्छेद 243 घ (3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरे जाने वाले स्थानों की कुल संख्या के कम से कम एक तिहाई स्थान (जिसके अंतर्गत अनुसूचित जातियों और अनु. जनजातियों की स्त्रियों के लिए आरक्षित स्थानों की संख्या भी है) स्त्रियों के लिए आरक्षित रहेंगे और ऐसे स्थान किसी पंचायत में भिन्न-भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों को चक्रानुक्रम से आवंटित किये जा सकेंगे। अनुच्छेद 243 ग में पंचायतों की संरचना का प्रावधान है।

# अर्थव्यवस्था

## विकासशील एवं विकसित अर्थव्यवस्था

**51. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. आर्थिक विकास | 1. सकल घरेलू उत्पाद |
| B. आर्थिक वृद्धि | 2. पर्यावरण |
| C. संपोषित विकास | 3. स्वास्थ्य |
| D. जीवन की गुणवत्ता | 4. संरचनात्मक परिवर्तन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – आर्थिक विकास से संरचनात्मक परिवर्तन होता है जबकि आर्थिक वृद्धि से तात्पर्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि से है। संपोषित विकास पर्यावरण से संबंधित है तथा जीवन की गुणवत्ता स्वास्थ्य से सम्बन्धित है। जीवन की गुणवत्ता अर्थात् स्वास्थ्य को मानव विकास सूचकांक में सम्मिलित किया जाता है। इस सूचकांक में स्वास्थ्य, शिक्षा व आय को सम्मिलित किया जाता है।

## गरीबी एवं बेरोजगारी

**52. भारत में गरीबी रेखा के निर्धारण का आधार है –**

(a) आय आँकड़ा (b) बचत आँकड़ा
(c) उपभोग आँकड़ा (d) निवेश आँकड़ा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–भारत में गरीबी रेखा के निर्धारण का आधार उपभोग आँकड़ा है। सुरेश तेन्दुलकर की अध्यक्षता वाली समिति ने निर्धनता रेखा के निर्धारण हेतु अपने फार्मूले में उपभोग व्यय को आधार बनाते हुए इसे अधिक व्यावहारिक बताया है। भारत में गरीबी का अनुमान नीति आयोग की टास्क फोर्स द्वारा एनएसएसओ द्वारा संग्रहित आंकड़ो के माध्यम से किया जाता है।

**53. राजीव आवास योजना का लक्ष्य है –**

(a) ग्रामीण निर्धनों के लिए आवास की व्यवस्था
(b) मलिन बस्ती मुक्त भारत
(c) निर्धन छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था
(d) गाँवों में रात्रि-आश्रय की व्यवस्था

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – राजीव आवास योजना का लक्ष्य मलिन बस्ती मुक्त भारत है। राजीव आवास योजना का मुख्य उद्देश्य राज्यों को 'झुग्गी-झोपड़ी' मुक्त बनाना है। यह जून 2013 में आरम्भ हुई थी। इसमें राज्यों को 'स्लम मुक्त' बनाने के लिए झुग्गी-झोपड़ी वासियों को सम्पत्ति का हक राज्यों की मदद से की जायेगी।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**54. भारत में व्यावसायिक बैंकों द्वारा साख सृजन का नियंत्रण निम्नलिखित में से कौन करता है?**

(a) वित्त मंत्रालय (b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) भारत सरकार (d) भारतीय स्टेट बैंक

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारत में व्यावसायिक बैकों द्वारा साख सृजन का नियंत्रण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है। रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को की गई थी तथा इसका राष्ट्रीयकरण 1 जनवरी, 1949 को किया गया। रिजर्व बैंक व्यापारिक बैंकों द्वारा निर्मित साख की मात्रा तथा दिशा पर नियंत्रण करने का कार्य भी सम्पन्न करता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह परिमाणात्मक व गुणात्मक उपायों का उपयोग करता है।

**55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I (संस्था) | सूची-II (स्थापना वर्ष) |
|---|---|
| A. भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम (ICICI) | 1. 1964 |
| B. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) | 2. 1948 |
| C. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI) | 3. 1990 |
| D. भारतीय लघु उद्योग विकास निगम (SIDBI) | 4. 1955 |

**कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 | (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – देश में औद्योगिक विकास की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जुलाई 1964 में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) की स्थापना करने का निर्णय लिया। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड (IFCI) की स्थापना केंद्रीय बैंकिंग जाँच समिति के सुझाव पर एक विशेष अधिनियम द्वारा 1948 में हुई। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की स्थापना अप्रैल 1990 में की गई थी। भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम (ICICI) की स्थापना जनवरी 1955 में की गई।

**56. निम्नलिखित में से कौन सा किसान क्रेडिट कार्ड को स्कीम से आच्छादित है?**

(a) उपभोग साख एवं निवेश साख
(b) केवल उपभोग साख
(c) केवल निवेश साख
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – किसान ऋण (क्रेडिट) कार्ड योजना को अगस्त 1998 में फसल ऋण के बड़े शेयर के साथ शुरू किया गया था। किसान क्रेडिट कार्ड की स्कीम से उपभोग साख एवं निवेश साख दोनों आच्छादित हैं। पात्र किसानों को किसान कार्ड और पास बुक अथवा कार्ड सह-पास बुक उपलब्ध कराई जाती है। इसका उपयोग किसान खेती के लिए बीज, उर्वरक और कीटनाशक आदि जरूरत की वस्तुओं को खरीदने के लिए करते हैं।

## भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

**57. आर्थर डंकल का नाम सम्बन्धित है –**

(a) आई. एम. एफ. से (b) गैट से
(c) ओ. सी. जी सी. से (d) एक्सिम बैंक से

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – आर्थर डंकल का संबंध गैट (GATT) से है। GATT की स्थापना 1947 में हुई थी। 1947 में GATT की स्थापना के बाद से बहुराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली के विकास के फलस्वरूप 1 जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई।

**58. विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत ''कृषि पर समझौते'' के मुख्य तीन स्तम्भों में निम्नांकित में से कौन एक सम्मिलित नहीं है?**

(a) बाजार पहुँच (b) आन्तरिक समर्थन
(c) निर्यात प्रतियोगिता (d) डम्पिंग रोधी व प्रतिपूरक चुंगियाँ

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 1947 में GATT की स्थापना के बाद से बहुराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली के विकास के फलस्वरूप एक जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन की स्थापना हुई। विश्व व्यापार संगठन के 'कृषि पर समझौते' के मुख्य तीन स्तम्भ – बाजार पहुँच, आन्तरिक समर्थन तथा निर्यात प्रतियोगिता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**59. प्रत्यावर्ती विद्युत धारा को दिष्ट विद्युत धारा में परिवर्तित किया जाता है –**

(a) डायनमो द्वारा (b) मोटर द्वारा
(c) ट्रांसफार्मर द्वारा (d) रेक्टिफायर द्वारा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – प्रत्यावर्ती धारा को दिष्ट विद्युत धारा में रेक्टिफायर द्वारा परिवर्तित किया जाता है। डायनमों यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है। विद्युत मोटर विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में परिवर्तित करता है। ट्रांसफार्मर उच्च ए. सी. वोल्टेज को निम्न ए. सी. वोल्टेज में एवं निम्न ए. सी. वोल्टेज को उच्च ए. सी. वोल्टेज में बदल देता है।

**60. किसी व्यक्ति का पूरा प्रतिबिम्ब देखने के लिए एक समतल दर्पण की न्यूनतम ऊँचाई होनी चाहिए –**

(a) व्यक्ति की ऊँचाई के बराबर
(b) व्यक्ति की ऊँचाई का आधा
(c) व्यक्ति की ऊँचाई का एक चौथाई
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – किसी व्यक्ति का पूरा प्रतिबिम्ब देखने के लिए एक समतल दर्पण की न्यूनतम ऊँचाई व्यक्ति के ऊँचाई का आधा होना चाहिए। समतल दर्पण में बना वस्तु का प्रतिबिम्ब दर्पण के पीछे उतनी ही दूरी पर बनता है जितनी दूरी पर वस्तु दर्पण के सामने रखी होती है। यदि कोई व्यक्ति समतल दर्पण के लम्बवत् किसी चाल से दर्पण के समीप आता है या दूर जाता है तो उसे अपना प्रतिबिम्ब दुगुनी चाल से पास या दूर जाता हुआ प्रतीत होता है।

**61. भूमि में गुरुत्वाकर्षण जल किस तनाव पर रहता है?**

(a) 1/3 एटमास्फियर पर (b) 1.25 एटमास्फियर पर
(c) 5 एटमास्फियर पर (d) 15 एटमास्फियर पर

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भूमि में गुरुत्वाकर्षण जल 1/3 एटमास्फियर पर तनाव में रहता है। किसी द्रव का पृष्ठ तनाव वह बल है जो द्रव के पृष्ठ पर खींची गई काल्पनिक रेखा की इकाई लम्बाई पर रेखा के लम्बवत् कार्य करता है।

## रसायन विज्ञान

**62. अधोलिखित में से कौन सा कार्बन का अपरूप नहीं है?**

(a) हीरा (b) ग्रेफाइट
(c) आक्सोकार्बन्स (d) फुलरीन्स

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – कार्बन का अपररुप आक्सोकार्बन्स नहीं है जबकि हीरा, ग्रेफाइट तथा फुलरीन्स कार्बन के अपररुप हैं। हीरा एक पारदर्शक पदार्थ है। हीरे के उच्च अपवर्तन गुणांक के कारण यह चमकीले एवं कीमती आभूषण तथा जेवरों को बनाने के काम में लाया जाता है। ग्रेफाइट विद्युत का सुचालक होने के कारण शुष्क सेल तथा विद्युत आर्क में इलेक्ट्रोडों के रूप में उपयोग होता है। इसका उपयोग पेन्सिल तथा काले रंग का पेन्ट बनाने में होता है।

**63. खाद्य पदार्थों के परिरक्षण हेतु निम्न में से किस रसायन को प्रयुक्त किया जाता है?**

(a) सोडियम क्लोराइड (b) सोडियम बेन्जोएट
(c) सोडियम टार्टरेट (d) सोडियम एसीटेट

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – खाद्य पदार्थों के परिरक्षण हेतु सोडियम बेन्जोएट रसायन प्रयुक्त होता है जबकि सोडियम क्लोराइड, सोडियम तथा क्लोरीन का यौगिक है। यह मुख्यतः समुद्री जल से प्राप्त किया जाता है।

**64. ब्लीचिंग पाउडर में कौन सा रासायनिक यौगिक होता है?**

(a) कैल्शियम हाइड्राक्साइड (b) कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड
(c) कैल्शियम कार्बोनेट (d) अमोनियम क्लोराइड

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – ब्लीचिंग पाउडर में कैल्शियम ऑक्सीक्लोराइड नामक रासायनिक यौगिक होता है। ब्लीचिंग पाउडर ठोस बुझे हुए चूने में से क्लोरीन प्रवाहित करके बनाया जाता है।
$Ca(OH)_2 + Cl_2$ ........ $Ca\,OCl_2 + H_2O$
वायु के सम्पर्क में आने से ब्लीचिंग पाउडर अपघटित हो जाता है और क्लोरीन मुक्त हो जाता है। ब्लीचिंग पाउडर लॉन्ड्री में सामान्यतः विरंजक के लिए उपयोग होता है। यह कागज तथा कपड़ा उद्योगों में उपयोग होता है। यह जल को संक्रमण रहित बनाने हेतु भी उपयोग किया जाता है।

**65. लौंग में पाए जाने वाला सारभूत तेल निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(a) मेंथाल (b) यूजीनाल
(c) मेथेनाल (d) बेंजैल्डिहाइड

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – लौंग में पाया जाने वाला सारभूत तेल यूजीनाल है। लौंग एक प्रकार का मसाला है। इस मसाले का उपयोग भारतीय पकवानों व औषधियों के रूप में किया जाता है।

## वनस्पति विज्ञान

**66. अजोला है एक –**

(a) जलीय फर्न (b) जलीय एल्गी
(c) जलीय बैक्टीरिया (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – अजोला एक जलीय फर्न है। यह जलोद्भिद पौधों की भाँति होता है। सामान्यतः यह धान के खेत या उथले पानी में उगाई जाती है। यह जैव उर्वरक का प्रमुख स्रोत है।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**67. किसके अवशोषण में विटामिन 'सी' मदद करता है?**

(a) लौह के (b) कैल्सियम के
(c) आयोडीन के (d) सोडियम के

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – विटामिन 'सी' लौह के अवशोषण में मदद करता है। यह लौह मेटाबोलिन को नियंत्रित करके R.B.C. (Red Blood Cells) के निर्माण में सहायता करता है। विटामिन C का रासायनिक नाम एस्कॉर्बिक एसिड है। इसकी कमी से स्कर्वी नामक रोग होता है।

**68. वृक्क से मूत्र की मात्रा का निस्तारण नियंत्रित करता है हार्मोन –**

(a) TSH द्वारा (b) ACTH द्वारा
(c) FSH द्वारा (d) ADH द्वारा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – वृक्क से मूत्र की मात्रा का निस्तारण ADH हार्मोन द्वारा नियंत्रित होता है। इसे वैसोप्रेसिन या एन्टीडाईयूरेटिक हार्मोन (ADH) कहते हैं। यह वृक्क की मूत्रवाहिनियों को जल पुनरावशोषण करने के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही साथ रुधिर वाहिनियों को सिकोड़ कर रुधिर दाब बढ़ाता है। यह शरीर के जल संतुलन में सहायक होता है। इसलिये इसको एण्टीडाइयूरेटिक कहा जाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**69. यदि $V_a$ $V_w$ और $V_s$ क्रमशः वायु, जल तथा इस्पात में ध्वनि की गति है, तो –**

(a) $V_a < V_w < V_s$ (b) $V_s < V_w < V_a$
(c) $V_w < V_s < V_a$ (d) $V_s < V_a < V_w$

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – यदि Va, Vw और Vs क्रमशः वायु, जल तथा इस्पात में ध्वनि की गति है, तो Va < Vw < Vs होगा। किसी माध्यम में ध्वनि की चाल मुख्यतः माध्यम की प्रत्यास्थता (Elasticity) तथा घनत्व पर निर्भर करती है। कोई माध्यम जितना अधिक प्रत्यास्थ होगा उसमें ध्वनि की चाल उतनी ही अधिक होगी। इसके विपरीत अधिक घनत्व वाले माध्यमों में ध्वनि की चाल कम होती है। ठोस वस्तुएँ द्रव तथा गैसों की अपेक्षा अधिक प्रत्यास्थ होती है। अतः ठोसों में ध्वनि की चाल सबसे अधिक होती है। ठोसों के बाद इसकी चाल द्रवों में अधिक होती है तथा सबसे कम गैसों में होती है।

## कृषि पशुपालन एवं डेरी

**70. निम्नलिखित में से कौन नीली क्रांति से सम्बन्धित है?**

(a) पशु (b) मधुमक्खी
(c) मत्स्य (d) मुर्गी

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – नील क्रान्ति या नीली क्रान्ति मत्स्य उत्पादन से सम्बन्धित है। मछली उत्पादन के मामले में विश्व का तीसरा स्थान है और वैश्विक उत्पादन में इसका योगदान 8% (16% अन्तर्देशीय और 5% समुद्री मछली उत्पादन में) है। भारत में कुल मछली उत्पादन में आन्ध्र प्रदेश (48.13 लाख टन) का पहला स्थान है। जबकि दूसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल (18.43 लाख टन) है। ध्यातव्य है कि श्वेत क्रांति का संबंध दुग्ध उत्पादन से, पीत क्रांति का संबंध तिलहन उत्पादन से, लाल क्रांति का संबंध मांस तथा टमाटर उत्पादन से है।

**71. निम्नलिखित में से कौन सा ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन'' का उद्देश्य नहीं है?**

(a) वित्तीय सहायता प्रदान करना
(b) बागवानी क्षेत्र में ऊँची संवृद्धि प्राप्त करना
(c) शस्योत्तर व्यवस्था (पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट)
(d) मानव संसाधन विकास

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन'' को 2005-06 के दौरान शुरू किया गया था। इस मिशन के उद्देश्य बहुआयामी है जिनमें मुख्य हैं – गुणवत्तायुक्त पौधों की आपूर्ति, नर्सरियों की स्थापना, तकनीक को प्रोत्साहन, जैविक खेती को बढ़ावा देना, मानव संसाधन विकास, शस्योत्तर व्यवस्था (पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन) के लिए बुनियादी ढाँचे का सृजन, विपणन की समुचित व्यवस्था, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि आदि।

**72. जीवन रक्षक अथवा बचाव सिंचाई इंगित करती है –**

(a) लगातार पानी का बहाव
(b) क्रान्तिक संवृद्धि अवस्था पर सिंचाई
(c) पी. डब्ल्यू. पी. सिंचाई
(d) गीला करना फिर सुखाना

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – जीवन रक्षक अथवा बचाव सिंचाई क्रांतिक संवृद्धि अवस्था पर सिंचाई को इंगित करती है। क्रान्तिक अवस्था का तात्पर्य ताज निकलने की अवस्था से है। मुख्यतः गेहूँ या अन्य शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के पौधों को बोने के 21 से 25 दिन के अन्दर सिंचाई की अति आवश्यकता है क्योंकि इस समय बीज से ताज निकलने की अवस्था या क्रांतिक संवृद्धि अवस्था होती है।

**73. गन्ने का बीज उत्पादित किया जाता है –**

(a) आई. आई. एम. आर., लखनऊ में
(b) आई. ए. आर. आई., नई दिल्ली में
(c) बीज अनुसंधान निदेशालय, मऊ में
(d) एस. बी. आई., कोयम्बटूर में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – गन्ने का बीज एस.बी.आई. कोयम्बटूर में उत्पादित किया जाता है। गन्ना उत्पादन में भारत का द्वितीय स्थान है। प्रथम ब्राजील है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आई.ए.आर.आई.) नई दिल्ली में है। केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान लखनऊ में है।

**74. गन्ने की अडसाली फसल पकने के लिए समय लेती है –**

(a) 6 माह (b) 12 माह
(c) 18 माह (d) 24 माह

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – गन्ने की फसल तैयार होने में लगभग एक वर्ष का समय लेती है किन्तु गन्ने की अडसाली फसल 18 माह का समय लेती है। उष्णकटिबंधीय तथा उपोष्णकटिबंधीय फसल होने के कारण इसके लिए $20^o$ से.ग्रे. से $27^o$ सें.ग्रे. का औसत वार्षिक तापमान तथा 100 से 200 सेमी. की औसत वार्षिक वर्षा उपयुक्त होती है।

**75. मक्का-आलू-गन्ना-पेड़ी-गेहूँ की गहनता है –**

(a) 133 प्रतिशत (b) 166 प्रतिशत
(c) 200 प्रतिशत (d) 250 प्रतिशत

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मक्का-आलू-गन्ना-पेड़ी-गेहूँ की शस्य गहनता 166 प्रतिशत है।

**76. गेहूँ के साथ दो फसलों के लिए अरहर की उपयुक्त किस्म है –**

(a) एन. ए.-1 (b) बहार
(c) यू.पी.ए.एस.-120 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – गेहूँ के साथ दो फसलों के लिए अरहर की उपयुक्त प्रजाति यू.पी.ए.एस. 120 है। अरहर की प्रमुख प्रजातियाँ - नरेन्द्र 7, बहार, मालवीय 13, रैमुनिया, प्रभात, शारदा, मुक्ता, टा-21, टा-7 पूसा अगेती, पन्त-1, एल-115, टाइप-71 आदि हैं।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**77. निक्स एवं हाइड्रा चन्द्रमा हैं –**

(a) प्लूटो के (b) शुक्र के
(c) बृहस्पति के (d) बुध के

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – निक्स एवं हाइड्रा प्लूटो के चन्द्रमा हैं। 11 जुलाई, 2012 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के खगोलशास्त्रियों ने 'हबल' अंतरिक्ष दूरबीन की मदद से बर्फीले बौने ग्रह यम (pluto) के पाँचवें चन्द्रमा की खोज की घोषणा की। नासा ने इस उपग्रह को निश्चित नाम न मिलने तक अस्थायी तौर पर P5 या 5/2012 (134340) 1 नाम दिया है। उल्लेखनीय है कि प्लूटो के चार अन्य उपग्रह - शेरान, निक्स, हाइड्रा तथा 5/2011 (134340) 1 या P4 है।

**78. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र – अहमदाबाद
(b) राष्ट्रीय दूर संवेदन केंद्र – हैदराबाद
(c) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन उपग्रह केंद्र – श्री हरिकोटा
(d) विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र – तिरुवनन्तपुरम

**उत्तर**– (c)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन उपग्रह केंद्र बंगलौर में है। इस केंद्र के प्रमुख कार्यों मे दूर संचार व टेलीविजन उपग्रह का उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों के सर्वेक्षण और प्रबन्ध के लिये दूर संवेदन इत्यादि शामिल है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुवनन्तपुरम् में है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र अहमदाबाद में है। राष्ट्रीय दूर संवेदी केंद्र हैदराबाद में है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**79. जैव विविधता के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'हॉट स्पॉट' माना जाता है?**

(a) गंगा का मैदान (b) पूर्वी हिमालय
(c) गुजरात (d) मध्य भारत

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – जैव विविधता हॉटस्पॉट ऐसे स्थान को कहा जाता है जहां पर जातियों की पर्याप्तता तथा स्थानीय जातियों की अधिकता पाई जाती है। लेकिन साथ ही इन जीव जातियों के अस्तित्व पर निरंतर खतरा या संकट बना हुआ है। भारत के 4 जैव विविधता हॉटस्पॉटों में पूर्वी हिमालय, पश्चिमी घाट, म्यांमार-भारत सीमा एवं सुंडालैंड शामिल है। हॉटस्पॉट शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग नार्मन मायर्स ने वर्ष 1988 में दिया था।

**80. भारत के बड़े नगरों में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है –**

(a) तापशक्ति खण्ड (b) औद्योगिक खण्ड
(c) नगरीय ठोस अपशिष्ट (d) परिवहन खण्ड

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारत के बड़े नगरों में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत परिवहन खण्ड है। जब मानवीय अथवा प्राकृतिक कारणों से गैसों की निश्चित मात्रा एवं अनुपात में अवांछनीय परिवर्तन हो जाता है या वायु में इन गैसों के अतिरिक्त कुछ अन्य विषाक्त गैसें या कणिकीय पदार्थ मिल जाते हैं तो उसे वायु प्रदूषण कहते हैं। भारत के बड़े शहरों में परिवहन खण्ड के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के अत्यधिक प्रयोग से विभिन्न गैसें व धुआँ उत्पन्न होता है जो वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा कारक है।

**81. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत सरकार की जलवायु कार्य योजना (क्लाइमेट ऐक्शन प्लान) के आठ मिशन में सम्मिलित नहीं किया गया था?**

(a) सौर शक्ति (b) आण्विक ऊर्जा
(c) अपशिष्ट से ऊर्जा परिवर्तन (d) वनारोपण

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 30 जून, 2008 को नई दिल्ली में 'जलवायु परिवर्तन' पर राष्ट्रीय कार्य योजना का शुभारम्भ किया। राष्ट्रीय कार्य योजना में आठ प्राथमिकता वाले राष्ट्रीय मिशनों पर ध्यान केंद्रित है जिनका विवरण इस प्रकार है – सौर ऊर्जा, ऊर्जा क्षमता बढ़ाना जिसके अंतर्गत शहरी तथा औद्योगिक कचरे से ऊर्जा उत्पन्न करने की तकनीक तथा वेस्ट मैनेजमेंट का विकास करना, धारणीय कृषि मिशन, वाटर मिशन, सस्टेनिंग द हिमालय इकोसिस्टम मिशन, ग्रीन इंडिया मिशन जिसके अंतर्गत वनीकरण में वृद्धि हेतु सीधी कार्यवाही करना है, सस्टेनेबल हैबीटेट मिशन, रणनीतिक ज्ञान मिशन।

**82. वर्ष 2012 के जनवरी माह में वह कौन सा मौसमी कारक था जो उत्तर भारत में असाधारण ठण्ड का कारण बना?**

(a) जंगलों का कटान (b) वायुमंडलीय प्रदूषण
(c) ला नीना (d) एल नीनो

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – वर्ष 2012 के जनवरी माह में मौसमी कारक ला नीना के कारण उत्तर भारत में असाधारण ठण्ड पड़ी थी।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

**83. निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय कौन सा है?**

(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
(b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(c) चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय
(d) लखनऊ विश्वविद्यालय

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – दिये गये विश्वविद्यालयों में इलाहाबाद विश्वविद्यालय सबसे पुराना है। इसकी स्थापना 1887 में हुई थी। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की आधारशिला 1916 में रखी गई थी। लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना 1921 में तथा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना 1965 में की गयी थी।

**84. उ. प्र. में लाल मिट्टी मुख्यतः पाई जाती है –**

(a) सीतापुर - बाराबंकी में (b) एटा - मैनपुरी में
(c) मिर्जापुर - झांसी में (d) आगरा - मथुरा में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – लाल मृदा दक्षिणी इलाहाबाद, झांसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा चन्दौली जिलों में पायी जाती है। इस मृदा का निर्माण बालुकामय लाल विन्ध्य चट्टानों के टूटने-फूटने से हुआ। इस मृदा में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, चूना तथा जैव तत्वों की कमी तथा लौह अंश की अधिकता पायी जाती है। अतः इस मृदा वाले क्षेत्रों में दलहन और तिलहन की खेती होती है।

**85. भारत की कृषि योग्य भूमि का लगभग कितना प्रतिशत उत्तर प्रदेश में है?**

(a) 20 (b) 15 (c) 17 (d) 19

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – भारत की कृषि योग्य भूमि का लगभग 19 प्रतिशत क्षेत्र उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में 9 कृषि जलवायु प्रदेश हैं तथा कुल कार्यशील जनसंख्या में कृषक 41.1 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है तथा लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है।

**86. उत्तर प्रदेश की प्रमुख वाणिज्यिक फसल है –**

(a) कपास (b) जूट
(c) तिलहन (d) गन्ना

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश की प्रमुख वाणिज्यिक फसल गन्ना है। गन्ने के लिए चिकनी दोमट मिट्टी 20 से 26$^{o}$C ताप तथा 100 से 120 सेमी. वर्षा की आवश्यकता होती है। ध्यातव्य है कि उत्तर प्रदेश वर्तमान में गन्ना, आलू, तथा दूध के उत्पादन पर प्रथम स्थान पर है।

**87. उत्तर प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय अवस्थित है –**

(a) झांसी में (b) गोरखपुर में
(c) इलाहाबाद में (d) आगरा में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद (प्रयागराज) में है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**88. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I (उद्योग) | सूची-II (केंद्र) |
|---|---|
| A. लकड़ी के खिलौने | 1. मेरठ |
| B. खेल का सामान | 2. बरेली |
| C. पीतल की मूर्तियाँ | 3. वाराणसी |
| D. दियासलाई उद्योग | 4. मथुरा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – सूची-I तथा सूची- II का सही सुमेलन निम्नानुसार है-

| सूची-I (उद्योग) | सूची-II (केंद्र) |
|---|---|
| लकड़ी के खिलौने | वाराणसी |
| खेल का सामान | मेरठ |
| पीतल की मूर्तियाँ | मथुरा |
| दियासलाई उद्योग | बरेली |

**89. हर्बर्ट रिस्ले (1901) के अनुसार उत्तर प्रदेश निवास क्षेत्र है –**

(a) इण्डो-आर्यन प्रजाति का (b) आर्यो-द्रविड़ियन का
(c) मंगोलायड का (d) स्काइथो-द्रविड़ियन का

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – हर्बर्ट रिस्ले के अनुसार उत्तर प्रदेश आर्यो-द्रविड़ियन का निवास क्षेत्र है। उत्तर वैदिक काल में आर्यों का प्रसार धीरे-धीरे सरस्वती से लेकर गंगा-यमुना के दोआब तक विस्तृत हुआ। इसमें कुरु, पांचाल जैसे विशाल राज्य थे। उत्तर प्रदेश आर्यो-द्रविड़ियन का निवास क्षेत्र है।

**90. 'कर्मा' एक लोकनृत्य है –**

(a) सोनभद्र का (b) ब्रजभूमि का
(c) बुन्देलखण्ड का (d) उपर्युक्त में से कहीं का नहीं

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – कर्मा लोकनृत्य मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ अंचल के आदिवासी समाज का प्रचलित लोकनृत्य है। भादो मास की एकादशी को उपवास के पश्चात करम वृक्ष की शाखा को घर के आंगन या चौगान में रोपित किया जाता है। दूसरे दिन कुल देवता को नवत्र समर्पित करने के बाद ही उसका उपभोग शुरू होता है। उत्तर प्रदेश में यह सोनभद्र व मिर्जापुर के खरवार आदिवासी लोगों द्वारा किया जाता है। कर्मा नृत्य नई फसल आने की खुशी में किया जाता है।

**91. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) नोएडा – साफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी
(b) सीतापुर – प्लाईवुड उद्योग
(c) गोरखपुर – खेलकूद के सामान बनाने का उद्योग
(d) वाराणसी – रेशम उद्योग

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में रेशम का ज्यादातर काम वाराणसी, मऊ, मुबारकपुर, इटावा आदि जिलों में होता है। वाराणसी की रेशमी साड़ियाँ विश्व प्रसिद्ध हैं। नोएडा सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी के लिए प्रसिद्ध है। खेल का सामान आगरा व मेरठ में तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त सीतापुर में प्लाइवुड उद्योग है।

**92. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. ऐपेरल पार्क | 1. उन्नाव |
| B. बायोटेक्नोलॉजी पार्क | 2. सहारनपुर |
| C. एग्रो प्रोसेसिंग जोन | 3. कानपुर |
| D. लेदर टेक्नोलॉजी पार्क | 4. लखनऊ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सूची-I तथा सूची-II का सही सुमेलन निम्नानुसार है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| ऐपेरल पार्क | कानपुर |
| बायोटेक्नोलॉजी पार्क | लखनऊ |
| एग्रो प्रोसेसिंग जोन | सहारनपुर |
| लेदर टेक्नोलॉजी पार्क | उन्नाव |

**93. डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड अवस्थित है –**

(a) आगरा में (b) इलाहाबाद में
(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ड कानपुर में अवस्थित है।

**94. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. सोनभद्र | 1. नॉन-प्लास्टिक फायर क्ले |
| B. इलाहाबाद | 2. ताँबा |
| C. ललितपुर | 3. शीशे वाली बालू |
| D. मिर्जापुर | 4. चूने का पत्थर |



**कूट :**


| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |


**उत्तर** – (b)


**व्याख्या** – काँच बालू या शीशे वाली बालू इलाहाबाद जिले के शंकरगढ़ एवं यमुना नदी क्षेत्र, नान-प्लास्टिक फायर क्ले मिर्जापुर जिले के बांसी एवं मकरीखोह क्षेत्र तथा ललितपुर जिले का सोनराई क्षेत्र ताँबा उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। चूना पत्थर मुख्यतः सोनभद्र और मिर्जापुर क्षेत्र में प्राप्त होता है।


## तर्कशक्ति परीक्षण


**95. जिस तरह**  **सम्बद्ध है**  **से, उसी तरह**

 **सम्बद्ध होगी निम्न में से किससे?**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 


**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"


व्याख्या – प्रश्नगत आकृति में वृत्त परिवर्तित होकर वर्ग बनता है तथा वर्गों को विकर्ण आपस में जोड़ते हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

**96. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक चिन्ह का स्थानापन्न अक्षर क्या है?**




(a) R (b) N
(c) M (d) L
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – चतुर्भुज में दिये गये अक्षर अपने सामने के अंकों का योग है –
3 + 2 = 5 = E; 9 + 8 = 17 = Q
7 + 6 = 13 = M 5 + 4 = 9 = I

**97. यदि**  **सम्बद्ध है**  **से, तो**  **सम्बद्ध होगा किससे?**

(a)  (b) 

(c)  (d) 

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रश्न आकृति में उत्तर आकृति को नीचे घुमा दिया गया है, इस क्रम में दूसरी आकृति घुमाने पर विकल्प (a) सही उत्तर होगा।

**98. यदि | C | P | I | है | D | M | K | तो | B | J | P | क्या होगा?**

(a) | C | G | S | (b) | C | R | G |
(c) | C | G | R | (d) | C | S | G |

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – जिस प्रकार,
C ↓ +1 D; P ↓ –3 M; I ↓ +2 K
उसी प्रकार,
B ↓ (+1) C; J ↓ –3 G; P ↓ +(2) R
अतः BJP ⇒ CGR

**99. यदि कोई वक्तव्य, जिसका अर्थ सुनिश्चित न हो, कहलाता है –**
(a) भ्रामक (b) संदिग्ध
(c) त्रुटिपूर्ण (d) अस्पष्ट
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–यदि कोई वक्तव्य, जिसका अर्थ सुनिश्चित न हो उसे अस्पष्ट कहेंगे।

**100. निम्नांकित युग्म संख्याओं की श्रृंखला में कौन-सा एक युग्म गलत है?**
**6 – 1, 7 – 2, 8 – 6, 9 – 24, 10 – 120, 11 – 620**
(a) 8 – 6 (b) 9 – 24
(c) 11 – 620 (d) 10 – 120
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – श्रृंखला की प्रथम श्रेणी क्रमवार है जबकि द्वितीय श्रेणी गुणोत्तर क्रम में है। जैसे–
6,7, 8, 9, 10, 11 इत्यादि
1, 2, 6, 24, 120, 720
इस प्रकार इन संख्याओं की शृंखला में गलत युग्म 11-620 है।

**101. $x_1$, $x_2$ तथा $x_3$ का औसत 14 है। $x_1$ और $x_2$ के योग का दुगुना 30 है। $x_3$ का मान क्या होगा?**
(a) 27 (b) 16
(c) 12 (d) 20
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – तीन संख्याओं ($x_1$, $x_2$, $x_3$) का औसत = 14
तीनों संख्याओं ($x_1$, $x_2$, $x_3$) का कुल योग = 14 × 3 = 42
$x_1$ और $x_2$ के योग का दूना = 30
$x_1$ और $x_2$ का योग = 30/2 = 15
अतः संख्या $x_3$ = 42 – 15 = 27

**102. यदि दो संख्याएँ 5 : 6 के अनुपात में है तथा उनका ल. स. 660 है, तो दोनों में से छोटी संख्या क्या है?**
(a) 22 (b) 165
(c) 132 (d) 110
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – माना संख्या $5x$ तथा $6x$ हैं।
संख्याओं का म. स. = $x$
पहली संख्या × दूसरी संख्या = म. स. x ल. स.
$5x \times 6x = x \times 660$
$30x^2 = 660x$
$30x = 660$
x = 660/30
x = 22
अतः पहली संख्या = 5 × $x$ = 5 × 22 = 110
दूसरी संख्या = 6 × $x$ = 6 × 22 = 132

**103. अनुक्रम 462, 420, $x$, 306 में $x$ का मान है –**
(a) 342 (b) 332
(c) 322 (d) 312
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – संख्याओं का क्रम इस प्रकार है = 462 – 42 = 420
420 – 40 = 380
380 – 38 = 342
342 – 36 = 306

**104. यदि दो संख्याओं का योग 10 है तथा उनके वर्ग का योग 52 है, तो दोनों संख्याएँ कौन-सी होगी?**
(a) 3 और 7 (b) 4 और 6
(c) 2 और 8 (d) 9 और 1
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – माना अभीष्ट संख्याएँ a तथा b हैं।
$a + b = 10$
$a^2 + b^2 = 52$
$2ab = (a+b)^2 – (a^2 + b^2) = 10^2 – 52 = 100 – 52 = 48$
$(a–b)^2 = (a^2 + b^2) – 2ab = 52 – 48 = 4$
$(a–b) = 2$
अतः a + b = 10
a – b = 2
= अतः संख्या a = 6
तथा b = 4



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**105. यदि KAMAL के स्थान पर कूट भाषा में 21413 लिखा जाय, तो MAHAL को किस प्रकार लिखा जायगा?**

(a) 48113 (b) 43811
(c) 41813 (d) 38141

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – अक्षरों का कोड अंक उनके सामने लिखा गया है।

| | |
|---|---|
| K–2 | M–4 |
| A–1 | A–1 |
| M–4 | H–8 |
| A–1 | A–1 |
| L–3 | L–3 |

**106. यदि ABSENT का कूट ZYHVMG हो, तो PRESENT का कूट होगा –**

(a) KIHVHGM (b) KIVHVMG
(c) KITMHMG (d) GKITYTL

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – प्रत्येक अक्षर का विपरीत अक्षर दिया गया है। किसी अक्षर का विपरीत अक्षर ज्ञात करने के लिए उसके वर्णमाला क्रम को 27 में से घटा देते हैं।

27–(1) A → Z (25)
27–(2) B → Y (25)
27–(19) S → H (8)
27–(5) E → V (22)
27–(14) N → M (13)
27 –(20) T → G (7)
इसी प्रकार-
27–(16) P → K (11)
27–(18) R → I (9)
27–(5) E → V (22)
27–(19) S → H (8)
27–(5)E→V (22)
27–(14) N → M (13)
27–(20) T → G (7)

**107. निम्नलिखित में से किसे 'महारत्न' का दर्जा नहीं प्राप्त है (फरवरी 2013 पर्यन्त)?**

(a) स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(b) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(c) ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड
(d) ऑयल इण्डिया लिमिटेड

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 3 अगस्त, 2023 को वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑयल इण्डिया लिमिटेड को महारत्न का दर्जा प्रदान करने के पश्चात वर्तमान में कुल 13 कंपनियाँ महारत्न की सूची में शामिल हैं। इस सूची में शामिल कंपनियां इस प्रकार हैं- भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL), कोल इंडिया लिमिटेड (CIL), गेल इंडिया लिमिटेड (GAIL), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL), एनटीपीसी लिमिटेड (NTPC), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ONGC), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL), तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) पॉवर ग्रिड कॉपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (PGCIL) पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PFC), आरईसी लिमिटेड (REC) तथा ऑयल इण्डिया लिमिटेड।

**108. एशियाई विकास बैंक का इण्डिया रेजिडेन्ट मिशन कहाँ अवस्थित है?**

(a) मुम्बई में (b) नई दिल्ली में
(c) कोलकाता में (d) बंगलुरु में

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – एशियाई विकास बैंक का इंडिया रेजीडेन्ट मिशन नई दिल्ली में अवस्थित है। इण्डिया रेजीडेन्ट मिशन एशियाई विकास बैंक (ADB) द्वारा 2006 में प्रारम्भ किया गया।

**109. निम्नलिखित में से किसे वर्ष 2012 के इंदिरा गाँधी शान्ति, निशस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार के लिए चुना गया है?**

(a) लुला द सिल्वा को (b) एलेन जानसन सरलीफ को
(c) शेख हसीना को (d) मोहम्मद अल बराकी को

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – वर्ष 2012 में लाइबेरिया के राष्ट्रपति एलेन जॉनसर सरलीफ को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण एवं विकास पुरस्कार प्रदान किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) और ट्रेंड नर्सेज ऑर्गनाइजेशन ऑफ इण्डिया (INOI) को वर्ष 2022 के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**110. अमेरिका के कृषि विभाग द्वारा जारी किए गए आँकड़ों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा देश वर्ष 2012 में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है?**

(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) थाईलैण्ड (d) वियतनाम

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या**– प्रश्नकाल के दौरान भारत ने थाइलैण्ड को पीछे कर चावल निर्यात में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया था। थाईलैण्ड द्वितीय स्थान पर था। वर्तमान में भारत शीर्ष चावल निर्यातक देश है जबकि थाईलैण्ड दूसरे स्थान पर है।

**111. निम्नलिखित में से किसे हाल ही में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बाल सक्रियतावादी (चाइल्ड एक्टिविस्ट) मलाला युसुफजई के सम्मान में मलाला दिवस घोषित किया गया है?**

(a) 10 अक्टूबर (b) 10 नवम्बर
(c) 1 दिसम्बर (d) 10 दिसम्बर

**उत्तर** – (*)

**व्याख्या** – पाकिस्तान में तालिबान का विरोध करने वाली 14 वर्षीया बालिका मलाला युसुफजई पर अक्टूबर 2012 को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के आतंकियों ने हमला किया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने शिक्षा के लिए त्याग के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए 12 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मलाला दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

**112. 1 जनवरी, 2013 से इण्डियन प्रीमियर लीग खिताब प्रवर्तक के रूप में किसे चुना गया है?**

(a) एयरटेल को (b) डी.एल.एफ. को
(c) रिलायन्स को (d) पेप्सिको को

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 1 जनवरी, 2013 से इण्डियन प्रीमियर लीग खिताब प्रवर्तक के रूप में पेप्सिको को चुना गया है। सॉफ्ट ड्रिंक बनाने वाली दिग्गज कम्पनी ने इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL) की टाइटल स्पॉन्सरशिप अगले पाँच वर्षों के लिए हासिल कर ली। वर्तमान में इसके प्रवर्तक टाटा ग्रुप है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**113. निम्नलिखित में से कौन दिसम्बर 2012 में जापान का प्रधानमंत्री बना?**

(a) नाओतो कान (b) शिन्जो आबे
(c) तारो आसो (d) यासुओ फुकुदा

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – दिसंबर 2012 में शिन्जो आबे जापान के प्रधानमंत्री बने। जापान में सम्पन्न चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी 61.25 प्रतिशत मत प्राप्त कर कुल 294 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में सफल रही। नतीजों से एलडीएफ के अध्यक्ष शिंजो आबे का नया प्रधानमंत्री बनना तय था तथा 26 दिसंबर, 2012 को जापान के सम्राट अकिहितो द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण कराया गया। वर्तमान में फुमिओ किशिदा जापान के प्रधानमंत्री हैं।

**114. भारत सरकार ने जनवरी 2013 को इंदिरा आवास योजना में किन परिवर्तनों की घोषणा की है?**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

(1) मैदानी क्षेत्रों में गृह निर्माण की राशि बढ़ाकर रु. 70,000 कर दी गई है।
(2) पर्वतीय क्षेत्रों में गृह निर्माण की राशि बढ़ाकर रु. 75,000 कर दी गई है।
(3) भूमिहीन आवासीय भूमि खरीदने हेतु रु. 20,000 प्राप्त कर सकते हैं।

**कूट :**
(a) केवल (1) और (2) सही हैं।
(b) केवल (3) सही है।
(c) केवल (1) सही है।
(d) (1), (2) तथा (3) सही हैं।

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – इंदिरा आवास योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि की मंजूरी सरकार ने दी। इसके तहत सामान्य क्षेत्रों के लिए बेघर बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) परिवार के लिए यह राशि अब 45000 रुपये से बढ़ाकर 70000 रुपये कर दी गई। पहाड़ी व दुर्गम क्षेत्रों में बीपीएल परिवार को मिलने वाली यह राशि 48,500 रुपये की बजाय 75000 रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार भूमिहीन परिवारों के लिए जमीन खरीदने के लिए दी जाने वाली लोन राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20000 रुपये कर दिया गया है।

**115. श्रीलंका के उस मुख्य न्यायाधीश का क्या नाम है, जिन्हें जनवरी, 2013 में महाभियोग के बाद बर्खास्त कर दिया गया?**

(a) चन्द्रिका भण्डारनायके (b) शिरानी भण्डारनायके
(c) सुनेत्रा भण्डारनायके (d) लुइसा डायस भण्डारनायके

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – संसद में महाभियोग मंजूर होने के बाद श्रीलंका की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शिरानी भण्डारनायके को राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने 13 जनवरी, 2013 को बर्खास्त कर दिया। 54 वर्षीय शिरानी श्रीलंका में मुख्य न्यायाधीश पद पर आसीन होने वाली पहली महिला थी।

**116. निम्नलिखित में से किस पत्रिका ने दिसम्बर 2012 के बाद अपने मुद्रित संस्करण का प्रकाशन बन्द कर दिया है?**

(a) फोर्ब्स ने (b) फॉर्च्यून ने
(c) न्यूज वीक ने (d) टाइम ने

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–लगभग 80 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका न्यूज वीक का अंतिम प्रिन्ट संस्करण 25 दिसंबर, 2012 को प्रकाशित हुआ। अब इसके ई-संस्करण को न्यूज वीक ग्लोबल के नाम से वैश्विक संस्करण के रूप में इंटरनेट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

**117. 2012 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का नवनियुक्त महासचिव कौन है?**

(a) डेंग शियाओपिंग (b) शी मिंगझे
(c) शी झोंगशुं (d) शी जिनपिंग

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 14 नवम्बर, 2012 को सम्पन्न चीन कम्युनिस्ट पार्टी की 18वीं काँग्रेस में तत्कालीन राष्ट्रपति हू जिंताओ और प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ के स्थान पर शी जिनपिंग और ली क्विंग के नामों की घोषणा क्रमशः अगले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के रूप में की गई। 2012 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव भी शी जिनपिंग को नियुक्त किया गया था। वर्तमान में भी यही प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति हैं।

**118. निम्नलिखित में से किसे अशोक चक्र प्राप्त करने के बाद सर्वप्रथम भारतीय सेना में मेजर जनरल बनने का गौरव प्राप्त हुआ है?**

(a) मेजर जनरल मदन मोहन सिंह बख्शी
(b) मेजर जनरल सायरस ऐडी पीठावाला
(c) मेजर जनरल मोहम्मद अमीन नायक
(d) मेजर जनरल के. सुधाकर

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मेजर जनरल सायरस ऐडी पीठावाला को अशोक चक्र प्राप्त करने के बाद भारतीय सेना में मेजर जनरल बनने का गौरव सर्वप्रथम प्राप्त हुआ। मेजर जनरल बनने से पूर्व सायरस ऐडी पीठावाला सेना में ब्रिगेडियर थे। 26 जनवरी 2019 को शहीद लांस नायक नजीर अहमद वानी को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है।

**119. निम्नलिखित में से किस फिल्म ने जनवरी, 2013 में घोषित ड्रामा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता है?**

(a) आर्गो ने (b) लाइफ ऑफ पाई ने
(c) लिंकन ने (d) स्काईफाल ने

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – जनवरी, 2013 में घोषित ड्रामा वर्ग में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार 'आर्गो' ने जीता। 80वां गोल्डन ग्लोबल पुरस्कार 2023 में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा फिल्म 'द फेबलमैन्स' को प्रदान किया गया।

**120. निम्नलिखित में से किसने 2012 में लगातार चौथी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबाल खिलाड़ी का 'बैलोन डी ओर' (Ballon d' or) पुरस्कार जीता है?**

(a) क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने
(b) डिएगो मैराडोना ने
(c) लियोनेल मेसी ने
(d) सर्जियो रामोस ने

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–बार्सिलोना (स्पेन) के लिए खेलने वाले स्टार स्ट्राइकर लियोनिल मैसी ने वर्ष 2012 में चौथी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी पुरस्कार 'बैलोन डी ओर' पुरस्कार जीता। रियल मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी कैरीम बेंजेमा (फ्रांस) को वर्ष 2022 का बैलोन डी' ओर प्रदान किया गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी विशेष (मुख्य) परीक्षा, 2010

# सामान्य हिन्दी

## हल प्रश्न-पत्र

## सामान्य शब्द-ज्ञान एवं व्याकरण

**1. 'चिरंतन' शब्द का विलोम लिखिए।**

(a) चिन्ता करने वाला (b) चिन्ता नहीं करने वाला
(c) नश्वर (d) चिता

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** चिरंतन का आशय शाश्वत होता है और इसका विलोम नश्वर होता है, जबकि चिन्ता करने वालों के लिए चिन्तनीय शब्द का प्रयोग किया जाता है और चिन्ता न करने वाले के लिए अचिन्तनीय।

**2. 'अनुग्रह' शब्द का विलोम लिखिए।**

(a) ग्रहण (b) गृहीत (c) आग्रह (d) विग्रह

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या –** अनुग्रह शब्द का विलोम विग्रह होता है, जबकि ग्रहण का त्याग, आग्रह का अनाग्रह और गृहीत का अर्पित विलोम शब्द होता है।

**3. 'अनभिज्ञ' का विलोम है-**

(a) अज्ञ (b) प्रज्ञ (c) अभिज्ञ (d) अविज्ञ

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या –** अज्ञ का विलोम विज्ञ होता है। अनभिज्ञ का विलोम अभिज्ञ होगा।

**4. 'सौम्य' शब्द का विलोम है-**

(a) सौभाग्य (b) उग्र (c) शत्रु (d) दुराशय

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** सौम्य शब्द का विलोम उग्र होगा। इसी प्रकार सौभाग्य का दुर्भाग्य, शत्रु का मित्र और दुराशय का सदाशय विलोम शब्द होगा।

**5. 'ह्रास' शब्द का विलोम है-**

(a) हास्य (b) वृद्धि (c) हँसी (d) हस्त

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या–** ह्रास शब्द का विपरीतार्थक शब्द वृद्धि होगा जबकि हास्य का रुदन और हस्त का पाद होगा। हँसी (प्रसन्न) का दुःखी होगा।

**6. 'न्यून' शब्द का विलोम है-**

(a) अधिक (b) नवीन (c) नवनीत (d) नगर

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या –** न्यून शब्द का विलोम अधिक होगा जबकि नवीन का प्राचीन, नगर का विलोम गाँव होगा।

**7. 'पुष्ट' शब्द का विलोम है-**

(a) क्षीण (b) दुष्ट (c) पुरस्कार (d) प्रकृति

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या-** पुष्ट शब्द का विलोम 'क्षीण' होगा, जबकि प्रकृति का विकृति, पुरस्कार का दण्ड एवं दुष्ट का सज्जन विलोम शब्द होगा।

**8. 'गुण' शब्द का विलोम है-**

(a) दोष (b) गुड़ (c) गुणा (d) गृहस्थ

**उत्तर**–(a)

**व्याख्या-**गुण शब्द का विलोम दोष होगा जबकि गृहस्थ का संन्यास, गुणा का भाग होगा।

**9. 'बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती हैं' वाक्य का शुद्ध रूप है-**

(a) बाघ-बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।
(c) बाघ और बकरी एक ही घाट पर पानी पीती हैं।
(d) बाघ और बकरी पानी पीती हैं।

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** यदि वाक्य में दोनों लिंग के एकवचन के विभक्ति रहित अनेक कर्ता या इसी अर्थ में व्यवहृत किसी अन्य अव्यय से संयुक्त हो, तो क्रिया प्रायः बहुवचन और पुलिंग होगी।

**10. नीचे दिये वाक्यों में कौन सा वाक्य त्रुटिहीन है?**

(a) मेरे घर के पास एक पान की दूकान है।
(b) मेरे घर के पास एक पान की दूकान स्थित है।
(c) मेरे घर के पास एक पानों की दूकान है।
(d) मेरे घर के पास पान की एक दुकान है।

**उत्तर**–(d)

**व्याख्या-** मेरे घर के पास एक पान की दूकान है। उसमें क्रम का दोष है। अक्रमत्व दोष के कारण भी प्रायः वाक्य अशुद्ध हो जाते हैं। यहां पर एक पान ठीक न होकर एक दुकान सार्थक आशय देता है। विकल्प (d) मेरे घर के पास पान की एक दुकान है। सही वाक्य है।

**11. 'पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है' वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए।**

(a) पति-पत्नी के झगड़े का क्या हेतु हो सकता है?
(b) पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या है?
(c) पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है?
(d) पति और पत्नी के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है?

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-**पति-पत्नी के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है। यहाँ पर शुद्ध शब्द हेतु की जगह कारण होगा। अतएव शुद्ध वाक्य होगा – पति-पत्नी के झगड़े का कारण क्या हो सकता है?

**12. वर्तनी की दृष्टि से शब्द का शुद्ध रूप कौन है?**

(a) बन्दना (b) वंदना (c) बनदना (d) वन्दना

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'वंदना' होगा न कि बन्दना, वन्दना या बनदना।

**13. 'जो किये गये उपकारों को मानता है' के लिए एक शब्द लिखिए।**

(a) कृतघ्न (b) कृतज्ञ (c) कृतकार्य (d) अज्ञ

**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** "जो किये गये उपकारों को मानता है।" उसके लिए 'कृतज्ञ' शब्द का उपयोग करते हैं। जो किये हुए उपकारों को नहीं मानता उसके लिए कृतघ्न सार्थक शब्द है। कृत कार्य का आशय किया हुआ कार्य और अज्ञ का आशय जो नहीं जानता है।

**14. 'पेट की अग्नि' को कहते हैं-**

(a) दावाग्नि (b) वडवाग्नि (c) जठराग्नि (d) मन्दाग्नि

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** पेट की अग्नि के लिए सार्थक शब्द जठराग्नि होता है। जबकि जंगल की आग की को 'दावाग्नि' तथा समुद्र की आग को 'बड़वाग्नि' कहते हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**15. 'बच्चों को सुलाने के लिए गाया जाने वाला गीत' है-**
(a) प्रभाती (b) विहाग (c) लोरी (d) सोहर
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** बच्चों को सुलाने के लिए गाया जाने वाला गीत **लोरी** है। जबकि सोहर बच्चे के जन्म के समय गाया जाता है।

**16. 'जो नभ में चलता है' के लिए शब्द है-**
(a) खेचर (b) खच्चर (c) नभोत्पन्न (d) नभचाली
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या-** "जो नभ में चलता है" के लिए एक शब्द है-'खेचर'। 'खे' का आशय 'आकाश' होता है तथा 'चर' का आशय 'चलना'।

**17. 'व्याकरण के ज्ञाता' के लिए शब्द है-**
(a) व्याकरणी (b) व्याकर्ता (c) वैयाकरण (d) व्याकरणज्ञ
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** व्याकरण के ज्ञाता को **वैयाकरण** कहते हैं। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**18. 'बढ़ा चढ़ा कर कहना' के लिए एक शब्द है-**
(a) अतिवादी (b) अतिशय (c) अत्यन्त (d) अतिशयोक्ति
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या-** "बढ़ा-चढ़ाकर कहना" के लिए एक शब्द है– अतिशयोक्ति। शेष विकल्प असंगत हैं।

**19. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से कौन युग्म त्रुटिपूर्ण है?**
(a) घृत - घी (b) उट्र - ऊँट
(c) त्वरित - तुरत (d) तिक्त - तीता
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** निर्दिष्ट शब्द युग्म में सही जोड़े हैं – घृत-घी, त्वरित-तुरत, तिक्त-तीता। उट्र - ऊँट अशुद्ध शब्द युग्म है, जबकि इसका शुद्ध रूप होगा – उष्ट्र - ऊँट।

**20. निम्नलिखित तत्सम-तद्भव शब्दों के युग्म में से त्रुटिपूर्ण है-**
(a) गोमय - गोबर (b) क्षीर - खीर
(c) पर्यंक - पटरी (d) सपत्नी - सौत
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** गोमय का गोबर, क्षीर का खीर और सपत्नी का सौत सही शब्द युग्म है। पर्यंक का पटरी युग्म गलत है। इसका सही युग्म होगा – पर्यंक-पलंग।

**21. 'पर्ण' का तद्भव शब्द है-**
(a) पत्र (b) पण (c) पन्ना (d) पत्रा
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या-**पर्ण का तद्भव शब्द पत्र होगा न कि पण, पत्रा और पन्ना।

**22. 'अंगीठी' का तत्सम है-**
(a) अग्निका (b) अंनिष्ठिका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** अंगीठी का तत्सम रूप होगा **अग्निष्ठिका** न कि अग्निका, अग्निष्ठिकी एवं अंनिष्ठिका।

**23. निम्नलिखित में से कौन तद्भव शब्द है?**
(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) प्रभाकर (d) सूरज
**उत्तर**–(d)

**व्याख्या-** उक्त दिये गये विकल्पों में तत्सम शब्द दिनकर, दिवाकर और प्रभाकर है, जबकि सूरज शब्द तद्भव है। सूरज का तत्सम शब्द सूर्य होगा।

**24. इनमें से तद्भव है :**
(a) वानर (b) बन्दर
(c) पवन (d) पर्यंक
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** निर्दिष्ट विकल्पों में वानर, पवन और पर्यंक तत्सम शब्द हैं। बन्दर शब्द तद्भव है।

**25. 'काला घोड़ा तेज दौड़ता है' में क्रिया विशेषण है-**
(a) घोड़ा (b) काला
(c) तेज (d) दौड़ता है
**उत्तर**–(c)

**व्याख्या-** काला घोड़ा **तेज** दौड़ता है। क्रिया के पूर्व लगने वाला विशेषण क्रिया विशेषण होता है। अतः यहाँ पर **तेज** क्रिया विशेषण है।

**26. 'गीला' है-**
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या –** 'गीला' में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण में रूप, रंग, आकार, अवस्था, स्वभाव, दशा, स्वाद, स्पर्श, गंध, दिशा, स्थान, समय, भार, तापमान आदि का बोध होता है, वहां गुणवाचक विशेषण होता है।

**27. 'दोनों' शब्द है-**
(a) समुदाय वाचक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण
**उत्तर**–(a)

**व्याख्या-** दोनों शब्द समुदायवाचक विशेषण है। जो कि निश्चित संख्यावाचक का भेद है। जो निम्न प्रकार हैं।
गणनावाचक- एक, दो, तीन
क्रमवाचक- पहला, दूसरा, तीसरा
आवृत्तिवाचक-दूना, तिगुना, चौगुना
समुदायवाचक- दोनों, तीनों, चारों

**28. निम्नलिखित शब्दों में से विशेष्य कौन है?**
(a) आकाशीय (b) आकाश
(c) आराध्य (d) आश्रित
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** आकाश विशेष्य शब्द है। इसका विशेषण आकाशीय होता है। अतः उत्तर (b) आकाश होगा।

**29. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन है?**
(a) अजय (b) अजित
(c) अकर्म (d) अनुशंसा
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** अजित, विशेषण शब्द है जबकि अजय, अकर्म और अनुशंसा विशेष्य शब्द हैं।

**30. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन नहीं है?**
(a) आंतरिक (b) अंतर
(c) आग्नेय (d) अधिकारी
**उत्तर**–(b)

**व्याख्या-** आंतरिक, आग्नेय और अधिकारी शब्द विशेषण हैं। 'अंतर' शब्द विशेषण नहीं है। यह विशेष्य शब्द है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"